





# विधायक का सवाल- मेडिकल कॉलेज भूमि से आमोद प्रमोद कब तक हटेगी, मंत्री का जवाब- समय सीमा बताना संभव नहीं

**विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने जिला अस्पताल में डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टॉफ के रिक्त पदों को लेकर भी पूछा सवाल**



**नवभारत न्यूज**

**भिंड,26फरवरी।** स्थानीय विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह अपने बेबाक शैली के लिए जाने जाते हैं। विकास के मुद्दे पर भिंड हो या भोपाल जनता की आवाज को बुलंद करने में पीछे नहीं रहते हैं। अपने इसी अंदाज के चलते विधायक ने विधानसभा में मेडिकल कॉलेज निर्माण में आ रही अड़चन और जिला अस्पताल में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टॉफ की लंबे अर्से से चल रही कमी को लेकर सवाल उठाए। विधायक द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा विधिवत जवाब दिए गए।

**विधायक का सवाल नंबर 1:** क्या वर्ष 2024 में भिंड में मेडिकल कॉलेज के लिए मध्यप्रदेश बीज विकास निगम के भू-खंड के मंत्री परिषद की मंजूरी के बाद मद परिवर्तित किया गया है, इसके बाद भी उक्त भू- खंड को आमोद-प्रमोद से हटाने के लिए विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है। यदि हां तो प्रश्न दिनांक तक हटाने हेतु विभाग से अवगत कराएं और यदि नहीं तो यह प्रक्रिया कब तक पूर्ण की जाएगी, समयावधि बताने का कष्ट करें।

**मंत्री का जवाब:** जी नहीं, नीतिगत निर्णय होने से निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नही है।

**विधायक का सवाल नंबर 2:** भिंड जिला अस्पताल में डॉक्टर्स के 42 पद स्वीकृत हैं वर्तमान में मात्र 15 डाक्टर्स कार्यरत हैं। स्पेशलिस्ट के 27 पद रिक्त हैं, इनके अलावा मेडिकल ऑफीसर के 30 में से मात्र 12 पद भरे हैं शेष 18 रिक्त हैं, इसी प्रकार नर्सिंग स्टॉफ के 1७5 में मात्र 135 पद भरे हैं तथा 40 रिक्त हैं, मेडिसिन में कोई डॉक्टर पदस्थ नहीं है, इसके साथ ही एक्स- रे विभाग में डॉक्टर नहीं है, इससे व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं, उक्त रिक्त पदों पर कब तक पूर्ति की जाएगी कृपया बनाने का कष्ट करें।

**मंत्री का जवाब:** डाक्टर्स के 72 पद में 24 भरे 48 रिक्त, स्पेशलिस्ट के 42 में 15 भरे 27 रिक्त, मेडिकल ऑफिसर में 30 में 12 भरे 18 रिक्त, नर्सिंग स्टॉफ के 175 में 135 भरे 40 रिक्त हैं। एक मेडिसिन स्पेशलिस्ट संविदा पर कार्यरत हैं। एक्स- रे किए जा रहे हैं। रिक्त पदों की पूर्ति निरंतर प्रक्रिया है, निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

**निष्कर्ष:** विधायक के महत्वपूर्ण सवालों पर मंत्री केजवाब से समझ में आता है कि मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि का मद परिवर्तित कब तक होगा निश्चित नहीं है। इसी प्रकार जिला अस्पताल में डॉक्टर्स की कमी जिलेवासियों को कब तक झेलना पड़ेगी, यह भी निश्चित नहीं है।

## सुरक्षित होली मनाएं, बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे या पोल के पास होली न जलाएं

**भिण्ड 26 फरवरी।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भिण्ड जिले के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे होलिका दहन के पर्व पर विद्युत सुरक्षा एवं सावधानियां रखकर सुरक्षित होली मनाएं। कंपनी ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बिजली लाइन के नीचेए ट्रांसफार्मर के नीचे या पोल के आसपास होली न जलाएंए क्योंकि इससे तार अथवा विद्युत उपकरण पिघल सकते हैं और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। देखते ही देखते छोटी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। कंपनी ने नागरिकों ने अनुरोध किया कि वे होलिका दहन का कार्यक्रम बिजली लाइनों के नीचे व आसपास न करें। कंपनी ने मिठाईए मूर्तियांए रंग.गुलालए पूजन सामग्री आदि की दुकानें एवं होली पर्व से जुड़ी अन्य सामग्री के विक्रय हेतु लगाए जाने वाली अस्थाई दुकानों के प्रकाश व्यवस्था हेतु व्यापारी बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। कंपनी ने कहा है कि होली पर्व पर अस्थाई दुकानों की स्थापनाए बिजली ट्रांसफार्मरों एवं बिजली की लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही स्थापित करें ताकि विद्युत दुर्घटनाओं से बचा जा सके।कंपनी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है कि वैधानिक कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें। कंपनी ने कहा है कि बिजली के अनधिकृत उपयोग के मामले पकड़ने तथा भार वृद्धि अथवा स्वीकृत प्रयोजन के स्थान पर अन्य किसी प्रयोजन के लिए विद्युत उपभोग करते पाए जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135ए 138 के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



# सिंध से अवैध तरीके से रेत निकाल रही दो पनडुब्बी जब्त

**रौन क्षेत्र के मेहरा खुर्द में प्रशासन- पुलिस की कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**भिंड,26फरवरी।** जिले में रेत के अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत रौन क्षेत्र के मेहरा खुर्द के निकट सिंध नदी से एक पनडुब्बी नष्ट कराई गई तथा दूसरी को जब्त किया गया। यह कार्रवाई कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना के निर्देश पर लहार एसडीएम विजय यादव एवं प्रभारी खनिज अधिकारी पंकज ध्वज मिश्रा एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

बताया गया कि अभियान के दौरान मेहरा खुर्द नदी से एक पनडुब्बी मशीन जप्त कर उसका मौके पर ही विनिष्टीकरण किया गया। जप्त सामग्री को ट्रैक्टर के माध्यम से थाना रौन में सुरक्षित रखवाया गया। वहीं ग्राम पर्रायंच में श्रीमंत सिंह की निजी भूमि पर खड़ी एक अन्य पनडुब्बी मशीन भी जप्त कर थाना रौन में सुरक्षार्थ जमा कराई गई। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान लगभग 100 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण पाया गया, जिसे तत्काल मिट्टी में मिलाकर नष्ट करा दिया गया। इस मौके पर एसडीएम एवं प्रभारी खनिज अधिकारी के अलावा रौन तहसीलदार श्रीनिवास शर्मा, खनिज निरीक्षक गणेश विश्वकर्मा एवं थाना रौन का पुलिस बल मौजूद रहा। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिले में निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# स्पोक एंड हब मॉडल पर रोजगारोन्मुखी शॉर्ट टर्म कोर्स प्रशिक्षण दिया जाएगा

**नवभारत न्यूज**

**भिंड,26फरवरी।** शासकीय संभागीय आईटीआई भिंड में ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल के साथ स्पोक एंड हब मॉडल पर बेसिक इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बेसिक मेकेनिकल कोर्स व्यवसाय में रोजगारोन्मुखी शॉर्ट टर्म कोर्स प्रशिक्षण 10 (दिवस) प्रदाय किया जाना है। जिसमें न्यूनतम 8वीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के उत्तीर्ण छात्र- छात्राएं अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षणार्थियों को संस्था स्तर का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 9 मार्च से 18 मार्च 2026 तक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण में रजिस्ट्रेशन हेतु अभ्यर्थी संस्था में उपस्थित होकर हेल्पडेस्क से अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 5 मार्च तक करवा सकते हैं। प्रशिक्षण हेतु रुपए 250 शुल्क देय होगा, जो संबंधित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संस्था में जमा करना होगा। प्रशिक्षण संस्था के प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जाएगा। साथ ही साफ्ट स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जावेगी।

दस्तावेजों की सूची अनुसार मार्कशीट 8वीं, 10वीं, 12वीं, आधार कार्ड, मूलनिवासी सर्टिफिकेट लेकर शासकीय संभागीय आईटीआई भिण्ड लहार चुंगी केन्द्रीय विद्यालय के पास भिण्ड में समय सुबह 9.30 से सायं 5.30 तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में कार्यालय में सम्पर्क करें। रजिस्ट्रेशन हेतु लिंक तथा रजिस्ट्रेशन हेतु दिये गये क्यूआर कोड के माध्यम से भी कर सकते हैं।

## मालनपुर व गोहद के आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल में पहुंचे नोडल अधिकारी

**बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर दिया जोर**

**नवभारत न्यूज**

**भिंड,26फरवरी।** नीति आयोग के आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी एवं अंतरिक्ष विभाग के डायरेक्त जे विजयकुमार ने गुरुवार को मालनपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया। आधुनिक सुविधाओं से लैस आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर शासकीय स्कूलों और डिजिटल लर्निंग लैब तक का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों के पोषण, शिक्षा स्तर व उपस्थिति पर खास नजर रखी।

नोडल अधिकारी ने गोहद एसडीएम राजन बी नाडिया एवं महिला बाल विकास अधिकारी अंजू तोमर के साथ मालनपुर के सिंघवारी स्थित आदर्श एवं आधुनिक आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन किया। यहां बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। संतुष्टि जताते हुए उन्होंने बच्चों को ड्रेस व चॉकलेट का वितरण भी किया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरते हुए उन्होंने केंद्र की स्वच्छता व व्यवस्थाओं की सराहना की।



इसके बाद गोहद पहुंचे नोडल अधिकारी ने गुरीखा के आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की। बच्चों की नियमित उपस्थिति व पोषण आहार की जानकारी ली। कार्यकर्ताओं ने बताया कि केंद्र में बच्चों को संतुलित भोजन व खेलकूद की सुविधाएं उपलब्ध हैं। नोडल अधिकारी ने उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया। गोहद में ही शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय गुरीखा पहुंचे। यहां बच्चों से सीधे बातचीत कर शिक्षा के स्तर का आंकलन किया। शिक्षकों से छात्रों की उपस्थिति व पढ़ाई की प्रगति पर चर्चा हुई।

### डिजिटल इंक्लूजन एंड लर्निंग लैब्स बस का अवलोकन किया

एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित डिजिटल इंक्लूजन एंड लर्निंग लैब्स बस का अवलोकन भी किया गया। इस मोबाइल लैब से ग्रामीण बच्चों को डिजिटल शिक्षा प्रदान की जा रही है। नोडल अधिकारी ने लैब की तकनीकी सुविधाओं व शिक्षा की गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने इसे ग्रामीण विकास का मजबूत माध्यम बताया। सर्वा के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में बने लाड़ली उपवन निरीक्षण के दौरान अमरूद का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में ग्राहक मिलन एवं बचत पखवाड़े का आयोजन

**श्योपुर, 26 फरवरी।** जिला सहकारी केन्द्रीय शाखा श्योपुर द्वारा 26.02.2026 दिन गुरूवार को शाखा परिसर में ग्राहक मिलन समारोह एंव बचत पखवाडे का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ जमाकर्ताओं और नियमित ग्राहकों का सम्मान किया गया तथा बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बैंक के नोडल अधिकारी दिनेष कुमार गुप्ता ने मिलन समारोह अंतर्गत बताया कि सहकारी बैंक ग्राहकों को सरल और सुलभ वित्तीय सेवाऐं प्रदान करता है। न्यूनतम राषि में खाता खोलने की सुविधा, आकर्षक ब्याज दर, किसानों को फसल व खाद हेतु शून्य प्रतिषत् ब्याज पर ऋण, अटल पेंषन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एंव फोन पे के माध्यम से बीजनिस क्यू आर कोड की सुविधा दी जा रही है।

## समाधान योजना के दूसरे चरण में शामिल होने के लिए 2 दिन शेष

**एकमुश्त जमा करने पर सरचार्ज में मिलेगी 90 प्रतिशत तक की छूट**

**नवभारत न्यूज**

**भिंड,26फरवरी।** मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025.26 का द्वितीय व अंतिम चरण 28 फरवरी तक लागू है। योजना में शामिल होकर लाभ उठाने के लिए अब केवल 2 दिन शेष हैं। इस दौरान तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025.26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया।

महाप्रबंधक श्री अमरेश शुक्ला ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के प्रथम चरण में शामिल नहीं हो पाए वे अब द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025.26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के द्वितीय चरण में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है। समाधान योजना 2025.26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएंए एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में द्वितीय और अंतिम चरण 01 फरवरी से शुरू हो चुका है जो कि 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। दूसरे चरण में एक मुश्त भुगतान करने पर 70 से 90 फीसदी तथा किस्तों में भुगतान करने पर 50 से 60 फीसदी तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है।

समाधान योजना 2025.26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को मण्प्रण् मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल हेतु चवतजंसण्उचब्रण्पद पर पंजीयन कराना होगा।

# कैम्प आयोजित कर बालिकाओं के बनाए गए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस

**नवभारत न्यूज**

**भिंड,26फरवरी।** मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ाते हुए बालिकाओं एवं महिलाओं को पिंक ड्राइविंग लाइसेंस के माध्यम से उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जाने हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विशेष कैंपों का आयोजन जिला भिंड अंतर्गत कलेक्टर भिंड के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अंजू तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित किये जा रहे हैं। इसी के क्रम में शासकीय पीएमश्री एमजेएस महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका के चल रहे कैंप में महिला बाल विकास विभाग एवं श्री राजेंद्र सोनी जिला परिवहन अधिकारी के समन्वय से पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेनाए आंकड़ा विश्लेषण जितेंद्र शर्माए एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता बंसलए डॉक्टर कल्पना कुलश्रेष्ठ सहायक प्राध्यापक सुरभि बाथम और राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी बालिकाएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना के द्वारा अवगत कराया गया कि महिला सशक्तिकरण केवल एक वक्तव्य न होकर एक दूरगामी सकारात्मक सुधारों की एक श्रृंखला है। पिंक ड्राइविंग लाइसेंस भी इसी श्रृंखला की एक कड़ी है। शासन महिला सशक्तिकरण की ओर पूर्ण सकारात्मकता से आशान्वित है।

राजेंद्र सोनी जिला परिवहन अधिकारी के निर्देशन में परिवहन कार्यालय से उपस्थित श्रीमती सोनम पाल एवं दीपक सिंह भदौरिया द्वारा उपस्थित सभी बालिकाओं को स्पष्ट किया गया की ड्राइविंग लाइसेंस का प्रथम चरण लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस हैए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के एक माह के बाद और 6 माह के अंदर आपको परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अप्लाई करना पड़ता है। शासन द्वारा बालिकाओं महिलाओं के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्णता नि:शुल्क है इसमें किसी भी स्तर पर आपको कोई भी पैसा देने की आवश्यकता नहीं है। इसके पश्चात लैपटॉप और मोबाइल के द्वारा बालिकाओं के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए उनको स्पष्ट किया गया कि लर्निंग लाइसेंस के लिए आपको आधार कार्ड और आपका आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यकता हैए ऑनलाइन सारथी पोर्टल के माध्यम से आधार नंबर के द्वारा रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है और बालिकाओं को ऑनलाइन टेस्ट भी दिलवाया गयाए जिसमें 10 बालिकाओं के तत्काल लर्निंग लाइसेंस भी जनरेट किए गए। बालिकाओं को उक्त प्रक्रिया बहुत ही सरल लगी और सभी के द्वारा फोन के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई की गई। महाविद्यालय की ओर से उपस्थित सहायक अध्यापक सुरभि गौतम और डॉक्टर कल्पना कुलश्रेष्ठ द्वारा सभी बालिकाओं से अपेक्षा की गई की राष्ट्रीय सेवा योजना का काम ही स्वयं सशक्त होकर औरों को सशक्त करना हैए ष्नॉट मी बट यूष् ष्केवल मैं नहीं आपष् अर्थात जिन बालिकाओं के लर्निंग लाइसेंस बन गए हैं वह अपने सहपाठी महाविद्यालय की अन्य बालिकाओं के भी लर्निंग लाइसेंस बनवाएं और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न टोल फ्री नंबर 1098ए 112ए 181ए 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गईए योजना से संबंधित प्रशिक्षण सामग्री भी प्रदाय की गई। बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए जाकर बाल विवाह उन्मूलन के संबंध में शपथ के साथ कार्यक्रम समापन किया गया।

### मरीज को उपचार हेतु 35 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड 26 फरवरी ।** सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के आदेशानुसार नवीन एवं नवकरणीय मंत्री श्री राकेश शुक्ला की अनुशंसा पर अपर कलेक्टर भिण्ड एलके पाण्डे द्वारा मुख्यमंत्री स्वैच्छानुदान योजनान्तर्गत चिकित्सा ग्रहिता मरीज को उपचार हेतु सतेन्द्र चौहान पिता रमणी सिंह सिंह निवासी वार्ड क्र22 नवादा बाग भिण्ड के उपचार हेतु 35 हजार रूपए की स्वैच्छानुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## माधव लॉ कॉलेज के एनएसएस शिविर में रैली व बौद्धिक सत्र

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,26फरवरी।** माधव विधि महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तृतीय दिवस की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी के माध्यम से समाज में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इसके पश्चात योग एवं व्यायाम सत्र आयोजित किया गया। चित्रकारी एवं संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




पर्यावरण जागरूकता रैली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. सपना दुबौलिया ने छात्र जीवन को व्यक्तित्व निर्माण का स्वर्णिम काल बताते हुए अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। समापन अवसर पर कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों की सहभागिता और उत्साह की सराहना की।

### राजमिस्त्रीयों का 30 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**श्योपुर, 26 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) तथा एनआरएलएम के सहयोग से 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर में संपन्न हुआ। गत 25 जनवरी से सीटीसी विजयपुर में संचालित प्रशिक्षण के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम मुदगल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें, इसके साथ ही कोषाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, महामंत्री हाकिम कुशवाह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहें। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियो से संवाद करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओ के माध्यम से ऋण प्राप्त कर पूर्ण कौशल के साथ अपना कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान प्रमोद राय डी.एम. स्किल एनआरएलएम, विकासखण्ड प्रबंधक ब्रजेश शर्मा, रमाकांत शर्मा, पंकज कानवा फैकल्टी, ब्रजेश गौड़ व आरसेटी स्टाफ उपस्थित रहा। 22 ग्रामीण प्रशिक्षणार्थियो द्वारा राजमिस्त्री का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

## मातृशक्ति का सम्मान हमारी संस्कृति की पहचान है : बीके शशि



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 26 फरवरी।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा विजयपुर के माध्यम से गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान संचालित किया जा रहा है। गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान के तीसरे दिन बुधवार को वीरपुर ब्रह्माकुमारी सभागार में शिव जयंती के उपलक्ष में शिव ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ी सीनियर सिटीजन मातृशक्ति के सम्मान का कार्यक्रम भी किया गया, सभी माता बहनों को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर माला पहनाकर स्वागत सत्कार अभिनंदन किया गया। अभियान प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि बहन ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव का पूजन और वंदन के साथ मातृशक्ति का सम्मान भी हमारे लिए हमारी संस्कृति की पहचान है।

### नशा मुक्ति केंद्र के बाहर कार फूंकी

**ग्वालियर।** तीन अज्ञात बदमाशों ने नशा मुक्ति केंद्र के बाहर खड़ी उसके संचालक की कार में तोड़फोड़ करते हुए उसमें आग लगा दी, जिससे उसमें खासा नुकसान हो गया। गोला का मंदिर थाने में पटरी रोड स्थित शांति नशा मुक्ति केंद्र के संचालक अनुग्रह तिवारी ने शिकायत की है कि विगत रात उसकी कार केंद्र के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान तड़के साढ़े चार बजे के लगभग एक बाइक पर सवार होकर आए तीन अज्ञात बदमाशों ने पहले तलवार से उनकी कार के कांच फोड़ दिए, फिर गाड़ी में आग लगाकर भाग निकले।

## डीआर के लिए पेंशनर्स कर सकते हैं याचिका दायर : तरेटिया

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 26 फरवरी।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश एवं पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रांताध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ मध्य प्रदेश श्री आर एस तरेटिया एवं प्रांताध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश गीता भारद्वाज ने बताया हे कि लंबित 3ऱ डीआर को लेकर दिनांक 17 मार्च को दोपहर एक बजे से आकाशवाणी तिराहे पर धरना दिया जाएगा । धरने के बाद भी यदि सरकार नहीं मानी तो ग्वालियर हाईकोर्ट में याचिका दायर की जा सकती हे । दोनों पेंशनर प्रांताध्यक्षों ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने महंगाई राहत एवं महंगाई भत्ते को पेंशनर्स एवं कर्मचारियों का वैधानिक अधिकार माना है । इसी तारतम्य में धरने के समय ज्ञापन में एरियर सहित 3 प्रतिशत महंगाई राहत के साथ पूर्व के एरियरों की भी मांग की जाएगी । ज्ञात हो कि सरकार अभितक पेंशनर्स का लाखों रुपया चाप चुकी हे जिसके भुगतान के लिए भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ एवं पेंशनर एसोसिएशन एक मंच एक आवाज कईवार मांग कर चुके हैं । दोनों प्रांताध्यक्षों ने कहा हे कि मुख्यमंत्री इस विषय पर चर्चा हेतु समय देने का कष्ट करें ताकि हम उनके समकक्ष अपनी बात रख सकें और तकरार की स्थिति पैदा न हो ।

## एलआईसी ग्वालियर मंडल की राजभाषा पत्रिका 'गरिमा' का विमोचन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 26 फरवरी।** भाजीबीनि ग्वालियर मंडल की राजभाषा पत्रिका 'गरिमा' के 66 वे अंक का विमोचन पवन कुमार वर्णवाल वरिष्ठ मंडल प्रबंधक द्वारा आज हिंदी कार्यशाला में किया गया हिंदी कार्यशाला वरिष्ठ मंडल प्रबंधक की अध्यक्षता में आयोजित की गई कार्यशाला में श्री आर एस मोहनिया विपणन प्रबंधक एवं सभी विभागाध्यक्षों व उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी साथियों के बीच संपन्न हुई कार्यशाला का संचालन आदेश गुप्ता प्रबंधक कार्मिक द्वारा किया गया पत्रिका विमोचन के पश्चात श्री अतुल श्रीवास्तव द्वारा 'काव्य पाठन' किया गया, पत्रिका के प्रकाशन में अरविंद कुमार पुरोहित क्षेत्रीय राजभाषा अधिकारी ने उत्साहवर्धन किया, पत्रिका मुद्रण में शैलेंद्र मोहिते, अनिल जगवानी, अजय विश्वकर्मा एवं कार्मिक विभाग की टीम द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया




अंत में आभार श्री पी एस रायकवार राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया।